**निदेशक, भू–अर्जन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों (उत्तरी एवं दक्षिणी बिहार) के साथ दिनांक–14.01.2026 एवं 15.01.2026 को राज्यान्तर्गत लोकहित की विभिन्न परियोजनाओं हेतु की जा रही भूमि अधिग्रहण के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

---

**उपस्थितिः– यथा उपस्थिति पंजी।**

**निदेशक, भू–अर्जन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित V.C के माध्यम से आहूत समीक्षा बैठक में निम्न निदेश दिये गये हैः–**

1. **MIS पोर्टलः–** सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों को MIS प्रपत्र में पूर्ण Entry इन्द्राज कर पोर्टल को अद्यतन रखने का निदेश दिया गया।
2. **स्कैनिंगः–**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर को अभियान चलाकर स्कैनिंग कार्य पूर्ण कर, अभिलेखों को संरक्षित करने का निदेश दिया गया।
3. **ACP/MACP:–**जिन कर्मियों को ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 दिया जा चुका है, उन कर्मियों को बकाया अंतर वेतन राशि की गणना कराते हुए अतिशीघ्र भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाय।
4. **सरकारी भूमि का दाखिल–खारिजः–**भू–अर्जन की विभिन्न परियोजनाओं के लिए पूर्व में अधिग्रहित भूमि का दाखिल–खारिज अभियान चलाकर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाय।
5. **विधान सभा/परिषदः–** बिहार विधान मंडल में उठाए जाने वाले प्रश्नों का उत्तर बिन्दुवार एवं स्पष्ट रूप से जिला पदाधिकारी स्तर से निदेशालय को ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, बिहार विधान मंडल में लंबित याचिका/आश्वासन/अभ्यावेदन/निवेदन आदि में निहित तथ्यों के आलोक में कार्यान्वयन प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी स्तर से निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।
6. **परिवाद :–** जिला भू–अर्जन कार्यालयों को आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये परिवाद पत्रों के निष्पादन की प्रक्रिया किसी स्तर पर लंबित हो तो नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निदेश सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों का दिया गया।
7. **S.I.A.:-** SIA Unit को जिन जिलों में एस0आई0ए0 कार्य हेतु कार्यादेश प्राप्त हो गया है, वहाँ यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए एवं कतिपय जिलों में जहाँ जन सुनवाई का कार्य हो गया है, वहाँ अंतिम प्रतिवेदन जिला भू–अर्जन कार्यालयों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

बियाडा द्वारा जिन जिलों में मेगा औधोगिक पार्क की स्थापना हेतु अधियाचना अबतक अप्राप्त है, वहाँ शीघ्र अधियाचना उपलब्ध कराये एवं जिलों में एस0आई0ए0 कार्य की राशि का भुगतान भी शीघ्र किया जाये, ताकि भू–अर्जन की कार्य को त्वरित गति से किया जा सके। बियाडा हेतु अधिग्रहित भूमि का एस0आई0ए0 कार्य की अद्यतन सूची निम्नवत् हैः–

| क्र0 | जिला का नाम | परियोजना का नाम | नामित संस्थान का नाम | कुल अधिसूचित रकबा (एकड़ में) | कुल अधिसूचित राशि/भुगतान की स्थिति | एस0आई0ए0 कार्य हेतु निर्गत कार्यादेश संख्या एवं तिथि | एस0आई0ए0 कार्य के प्रगति की अद्यतन स्थिति | | | विशेषज्ञ समिति का प्रतिवेदन | 11(1) की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | ड्राफ्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की तिथि | जन सुनवाई की तिथि | अंतिम प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की तिथि | | |
| 1 | सीतामढ़ी | मेगा औधोगिक पार्क | चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना | 504.52 | 907612 पूर्ण भुगतान | 561/ 562,563 07.05.25 | 20.06.25 | 29.07.25 | 31.07.25 | | 11(1) के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव आयुक्त तिरहुत प्रमंडल के पास। |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सुपौल | सुपौल जिलान्तर्गत क्षेत्र के विकास हेतु मौजा सरायगढ में भूमि अर्जन | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 250.00 | 3000000 पूर्ण भुगतान | 1663/ 19.08.25 | 29.11.25 | 23.12.25 | 30.12.25 प्राप्त | 01.01.26 को गठन। बैठक 09.01.26 हो गई। प्रतिवेदन अप्राप्त। | |
| | | सुपौल जिलान्तर्गत क्षेत्र के विकास हेतु मौजा विशनपुर में भूमि अर्जन | आद्री, पटना | 248.06 | 3000000 पूर्ण भुगतान | 1664/ 19.08.25 | 01.12.25 | 19.12.25 | 30.12.25 प्राप्त | 01.01.26 को गठन। बैठक 09.01.26 हो गई। प्रतिवेदन अप्राप्त। | |
| 3. | कटिहार | औद्योगिक क्षेत्र निर्माण मौजा–नारायणपुर एवं बसंतपुर | आद्री, पटना | 252.30 | 4770000 पूर्ण भुगतान | 2167/ 22.09.25 | 26.11.25 | 04.12.25 | 29.12.25 प्राप्त | 06.01.26 को गठन। बैठक की तिथि निर्धारित नहीं। | |
| 4 | वैशाली | वैशाली जिला के अन्तर्गत औद्योगिकी पार्क का निर्माण | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 1234.45 | 906950 पूर्ण भुगतान | 959/ 23.07.25 | 30.08.25 27.11.25 | 15.12.25 16.12.25 17.12.25 | 23.12.25 | विशेषज्ञ समिति का बैठक दि0–05.01.26 को हो गई। समाहर्त्ता को प्रेषित। | गत माह के अन्त तक। |
| 5 | सिवान | औद्योगिक क्षेत्र के स्थापना हेतु चिन्हित भूमि का अधिग्रहण | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 167.349 | 2975000 50 प्रतिशत भुगतान | 1356/ 04.10.25 | 07.12.25 | 29.12.25 | 02.01.26 प्राप्त | विशेषज्ञ समिति का गठन दि0–01.01.2026 को हो गया है। विशेषज्ञ समिति का बैठक दि0–10.01.26 को हो गया। प्रतिवेदन अप्राप्त। | |
| 6 | सहरसा | सहरसा जिले में औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण हेतु भू–अर्जन। | चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना | 420.62 | 4000000 +GST 60 प्रतिशत भुगतान | 892/ 15.09.25 | 20.12.25 | 09.01.26 | 16.01.26 | | |
| 7 | बेगूसराय | बेगूसराय जिले में औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण हेतु भू–अर्जन। | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 991.00 | 5000000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान | 700/ 19.11.25 | 02.01.26 प्राप्त | 14.01.26 को निर्धारित। | | | |
| 8 | मधुबनी | अंचल झंझारपुर के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण हेतु भू–अर्जन। | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 252.23 | 264500 पूर्ण भुगतान | 510/ 30.05.25 | 20.08.25 | 18.09.25 | 25.09.25 | कार्य पूर्ण | अधिसूचना का प्रकाशन 05 से 10 जनवरी तक होगा। रेट रिविजन हेतु 15.01.26 जिला में बैठक। |
| | | अंचल लौकही के अंतर्गत बभनगामां उतरी में औद्योगिक पार्क | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 460.71 | 395025 पूर्ण भुगतान | 494/ 29.05.25 | 20.08.25 | 18.09.25 | 25.09.25 | कार्य पूर्ण | अधिसूचना का प्रकाशन 05 से 10 जनवरी तक होगा। |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | रेट रिविजन हेतु 15.01.26 जिला में बैठक। |
| 9 | नालन्दा | सालेपुर से राजगीर (बौद्ध सर्किट) को जोड़ने वाली पथ के नजदीक औद्योगिक क्षेत्र विस्तार | विकास प्रबंधन संस्थान, पटना। | 524.95 | 5000000 +GST लंबित | 2506/ 03.09.25 | एस0आई0ए0 कार्य प्रक्रियाधीन। | — | | | |
| 10 | नवादा | मौजा–भड़रा, अंचल–रजौली में औधोगिक विकास परियोजना | आद्री, पटना | 139.48 | 2500000 +GST पूर्ण भुगतान | 781/ 29.07.25 | 26.11.25 | 15.12.25 | 26.12.25 प्राप्त | विशेषज्ञ समिति का गठन दि0–30.12.25 को हो गया है। विशेषज्ञ समिति का बैठक दि0–09.01.26 सम्पन्न। प्रतिवेदन अप्राप्त। | |
| 11 | औरंगाबाद | अंचल–कुटुम्बा में औधोगिक विकास परियोजना | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 441.79 | 720000 पूर्ण भुगतान | 616/ 18.03.25 | 14.08.25 | 04.09.25 | 15.09.25 | कार्य पूर्ण | अधिसूचना का प्रकाशन दि0–06.12.25 को हो गया। |
| 12 | शेखपुरा | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 250.06 | 2975000 50 प्रतिशत भुगतान | 823/ 23.9.25 | 08.01.26 | 05.02.26 | | | |
| 13 | दरभंगा | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 385.45 | 1134475 पूर्ण भुगतान | 1134/ 16.7.25 | प्राप्त | | 28.11.25 | | 11(1) हेतु प्रस्ताव निदेशालय को प्राप्त। कतिपय खेसराओं के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु पत्र प्रेषित है। |
| 14 | भोजपुर | अंचल तरारी के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 249.48 | 2500000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान | 1083/ 03.11.25 | 25.01.26 तक प्राप्त होगा | | | | |
| 15 | रोहतास | डिहरी अंचल अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन (डेहरी) | चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना | 17.76 | 148612 पूर्ण भुगतान | 2239/ 15.9.25 | 09.10.25 | 29.07.25 | 31.07.25 | कार्य पूर्ण। विशेषज्ञ समिति का बैठक दि0–06.01.26 को हो गयी। प्रतिवेदन अप्राप्त। | |
| | | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन (शिवसागर) | चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना | 492.85 | 4000000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान 30.12.25 | 2859/ 8.12.25 | 20.01.26 तक प्राप्त होगा | | | | |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | तक | | | | | | |
| 16 | मुजफ्फरपुर | अंचल पारू के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना। | 700.00 | 5000000 +GST 60 प्रतिशत भुगतान | 2812/ 19.11.25 | 05.01.26 को प्राप्त। | 21-22 जनवरी, 26 को होगी। | | | |
| 17 | शिवहर | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना। | 270.00 | 2500000 +GST 60 प्रतिशत भुगतान | 299/ 19.09.25 | 15.12.25 | 05.01.26 प्राप्त | 12.01.26 को प्राप्त। | | |
| 18 | पूर्णियाँ | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन (के0 नगर) | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 279.65 | 4000000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान | 1306/ 18.11.25 | 16.01.26 तक प्राप्त होगा | | | | |
| 19 | मधेपुरा | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 548.87 | 5000000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान | 301/ 19.11.25 | 15.01.26 तक प्राप्त होगा | | | | |
| 20 | अरवल | औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 61.24 | 1500000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान | 206/ 19.11.25 | 20.01.26 तक प्राप्त होगा | | | | |
| 21 | मुंगेर | अंचल असरगंज के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | ए0एन0 सिन्हा, पटना। | 466.49 | 4000000 +GST 50 प्रतिशत भुगतान 29.12.25 | 1193/ 18.07.25 1167/ 15.07.25 | 15.02.26 तक प्राप्त होगा | | | | |
| 22 | गया | अंचल डोभी के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | आद्री, पटना | 49.00 | 750000+ GST 12–15 जनवरी, 26 तक भुगतान होगा। | 2477/ 29.11.25 | एस0आई0ए0 ड्राफ्ट रिपोर्ट के प्रकाशन का कार्य प्रक्रियाधीन। | | | | |
| | | मोहनपुर एवं फतेहपुर के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन (अधियाचना अप्राप्त) | आद्री, पटना | 600+700=1300 | 59.25 Lakh | 1869/ 14.08.25 | डाटा कलेक्शन हो रहा है। | | | | |
| 23 | पटना | अंचल फतुहा के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन (फिनटेक सिटी) | आद्री, पटना | 242.00 | 2500000 +GST | 3843/ 15.12.25 संशोधित अधियाचना अप्राप्त। | | | | | |
| | | अंचल बख्तियारपुर के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | आद्री, पटना | 500.00 | | जिला स्तर पर अधियाचना की जाँच की जा रही है। | | | | | |
| 24 | भागलपुर | अंचल गोराडीह के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन | एल0एन0 मिश्रा संस्थान, पटना | 13.45 रैयती भूमि | 2500000 +GST लंबित (अधियाची विभाग से राशि अप्राप्त)। | 1842/ 20.11.25 1930/ 03.12.25 | एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ। ड्राफ्ट रिपोर्ट 25.01.26 तक प्राप्त होगा। | | | | |
| कुल रकबा:– | | | | 11713.759 | | | | | | | |

8. एन0एच0/एन0एच0ए0आई0 से संबंधित भू–अर्जन की चल रही परियोजनाओं की स्थिति–

(क) **4L of Kishanganj-Bahadurganj section startnig from NH-27**–इस परियोजना हेतु **किशनगंज जिला** में भूमि अर्जन की कार्रवाई लंबित है।

- **किशनगंज जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत 4.5 कि0मी0 भूमि में एलाइनमेन्ट में सुधार के कारण भूमि अर्जन में समस्या आ रही है। उक्त भूमि का Estimate अधियाची विभाग को भेजा गया है। भुगतान करते ही समस्या का निदान हो जायेगा।

(ख) **2 LPS of Maheshkunt-Saharsa-Purnea Section of NH 231 (old NH-107 Pkg-2)- इस परियोजना** हेतु **पूर्णियाँ जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **पूर्णियाँ जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 2 मौजा–मरंगा एवं सुखीया में रैयतों द्वारा दर को लेकर विरोद्ध किया जा रहा है। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति लाने का निदेश दिया गया।

(ग) **4L of Bakarpur-Manikpur Section of NH-139W- इस परियोजना हेतु सारण/मुजफ्फपुर जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **सारण जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 5 कि0मी0 भूमि अधिग्रहंण की कार्रवाई लंबित है। उक्त स्थान पर 48 संरचनाए थी जिनमें से 11 संरचनाओं का अभिश्रव प्राप्ति के पश्चात भुगतान कर दिया गया है। 10 संरचाओं का भुगतान प्राप्त हुआ है जिसके भुगतान की कार्रवाई की जा रही हैं। शेष संरचनाओं के मुआवजा भुगतान हेतु अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **मुजफ्फपुर जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 1.4 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त में 1 मौजा पर उच्च न्यायालय में दायर वाद के कारण मामला लंबित है। अन्य शेष मौजों में मुआवजा भुगतान हेतु अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(घ) **Construction of 6 lane Bridge & its approaches across River Ganga from Sherpur to Dighwara NH-131G - इस परियोजना हेतु सारण जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **सारण जिला में इस** परियोजना अंतर्गत 580 मीटर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त मौजों में मस्जिद, मंदिर एवं विद्यालय रहने के कारण मामला लंबित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(ड.) **4L of Sahebganj-Areraj-Bettiah Section of NH-139W- इस परियोजना हेतु पूर्वी चम्पारण/पश्चिमी चम्पारण जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 55.562 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त स्थान पर 30 मौजों में मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। 04 मौजों में 3जी0 की कार्रवाई अगले सप्ताह तक कर लिया जायेगा। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 23.80 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त स्थान पर कुछ मौजों में 3जी0 की कार्रवाई अगले सप्ताह तक कर लिया जायेगा। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(च) **4L Kalyanapur to tal Dashraha of NH-119D (Amas to Darbhang Pkg-3) - इस परियोजना** हेतु **वैशाली/समस्तीपुर जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **वैशाली जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 23.80 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त स्थान पर कुछ मौजों में 3जी0 की कार्रवाई अगले सप्ताह तक कर लिया जायेगा। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **समस्तीपुर जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 23.80 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त स्थान पर कुछ मौजों में 3जी0 की कार्रवाई अगले सप्ताह तक कर लिया जायेगा। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(छ) **4L Balbhadarpur to Bela Nawada section of NH-119D (Amas to Darbhang Pkg-4) - इस परियोजना** हेतु **वैशाली/समस्तीपुर जिला में भू–अर्जन** की कार्रवाई की जा रही है।

- **वैशाली जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 420 मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त के संबंध में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, वैशाली द्वारा बताया गया कि परियोजना कार्य में कोई बाधा नहीं है। 94 प्रतिशत मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी कर दी गई है।
- **समस्तीपुर जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 1.235 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त के संबंध में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(ज) **4L Balbhadarpur to Bela Nawada section of NH-119D (Amas to Darbhanga Pkg 4)** – इस परियोजना हेतु **दरभंगा/समस्तीपुर जिला** में भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रस्तावित है। इस परियोजना की समीक्षा उच्च स्तर पर भी सतत रूप से की जा रही है।

- **दरभंगा जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 455 मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त के संबंध में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा बताया गया कि मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **समस्तीपुर जिला में इस** परियोजना के अंतर्गत 1.46 कि0मी0 भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई लंबित है। उक्त के संबंध में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ मौजों में **C.S** एवं **R.S** खतियान होने के कारण समस्याएं आ रही है। इस संदर्भ में निदेशालय स्तर से दोनों **C.S** और **R.S** मैप को ओवरलैप करा के भुगतान करने की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(झ) **2LPS Umagaon Saharsa(Pkg-5) Bakaur-Parsarma-Bangaon-Bariyahi &Spur to Mahisi** – इस परियोजना हेतु **सहरसा जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

- **सहरसा जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बताया गया कि **allignment change** होने के कारण 3डी की कार्रवाई लंबित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(ञ) **2LPS Umagaon-Saharsa Package-1(Combined)** – इस परियोजना हेतु **मधुबनी जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **मधुबनी जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा बताया गया कि कुल 88 किमी0 में से 82 किमी0 भूमि का दखल–कब्जा अधियाची विभाग को सौंप दिया गया है। परियोजना कार्य में काई मुख्य समस्या नहीं है।

(ट) **Construction of 6 lane Greenfield corridor from Ramnagar to Kacchi Dargah NH-119D** – इस परियोजना हेतु **पटना जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **पटना जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि 202 रैयत रेट को लेकर आर्बिट्रेशन में गए है। जिसकी सुनवाई कमिश्नर, पटना के यहाँ दिनांक–17.01.2026 निर्धारित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया।

(ठ) **Six Lane Patna Ring Road Highway (NH-131G) from Kanhauli to Sherpur** – इस परियोजना हेतु **पटना जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **पटना जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत 50 प्रतिशत राशि जिला भू–अर्जन कार्यालय, पटना को दे दी गई है। नोटिस–तामिला कराते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई करवाने का निदेश दिया गया। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया।

(ड) **4L Mokama to Munger Section of NH-33** – इस परियोजना हेतु **लखीसराय/मुंगेर/शेखपुरा जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **लखीसराय जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत भूमि सर्वे का काम चल रहा है। 22 मौजों में 3डी की कार्रवाई प्रस्तावित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया।
- **मुंगेर जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत 3डी की कार्रवाई की जा रही है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया।
- **शेखपुरा जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत कोई मुख्य समस्या नहीं है। परियोजना कार्य गति में है।

(ढ) **4L Shivrampur to Ramnagar section of NH-119D(Amas to Darbhanga Package-2)** – इस परियोजना हेतु **जहानाबाद/पटना जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **जहानाबाद जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत तीन मौजों में चकबंदी का मामला था। उक्त मौजों में 3डी की कार्रवाई कर दी गई है। मिसिंग प्लॉट में भी 3डी की कार्रवाई की जा रही है। पी0डी0, जहानाबाद द्वारा मुआवजा भुगतान में गति लाने का आग्रह किया गया, ताकि अधियाची

विभाग को दखल–कब्जा सौंपा जा सकें। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया।

- **पटना जिला** में इस परियोजना अंतर्गत मौजा– राबियाचक की मुआवजा राशि संबंधित प्राधिकार न्यायालय को संदर्भित कर दी गई है। मौजा– भरगांवा में रैयतों द्वारा रेट निर्धारण को लेकर विरोध किया जा रहा था। रैयतों से विमर्श कर लिया गया है। रैयतों से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(ण) **6L Aurangabad to Bihar/JH Border (Chordaha) section (Pkg-1)** – इस परियोजना हेतु **गया** जिला में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **गया जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत पी0डी0 द्वारा बताया गया कि मुआवजा भुगतान की कार्रवाई नहीं होने के कारण परियोजना कार्य पूर्ण होने में कठिनाई आ रही है।

(त) **6L Greenfield Varanasi-Ranchi-Kolkata Highway (Package-6)** – इस परियोजना हेतु **औरंगाबाद** जिला में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **औरंगाबाद जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत मापी कार्य में रैयतों द्वारा विरोध किया जा रहा था। रैयतों से विमर्श किया गया है। मापी कार्य पूर्ण होते ही परियोजना कार्य को गति दी जाएगी।

(थ) **6L Greenfield Varanasi-Ranchi-Kolkata Highway (Package-2)** – इस परियोजना हेतु **कैमूर** जिला में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **कैमूर जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत 221 मिसिंग प्लॉट थे। मिसिंग प्लॉट के एम0भी0आर0 का प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजने का निदेश दिया गया।

(द) **6L Greenfield Varanasi-Ranchi-Kolkata Highway (Package-3)** – इस परियोजना हेतु **कैमूर/रोहतास जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **कैमूर जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत 99.79 करोड़ राशि में से लगभग 15 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **रोहतास जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत 178.83 करोड़ राशि में से लगभग 66 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि कुल 16 किमी0 में से 1.5 किमी0 भूमि मिसिंग प्लॉट रहने के कारण अर्जन की कार्रवाई लंबित थी। उक्त भूमि के 3ए एवं 3डी की कार्रवाई हो गई है। अवार्ड बनाकर भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(ध) **4L Patna-Ara-Sasaram Section of NH-119A(pkg-1)** – इस परियोजना हेतु **रोहतास/भोजपुर** जिला में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **रोहतास जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत 5 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। रैयतों द्वारा रेट निर्धारण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। समन्वय करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- **भोजपुर जिला** में इस परियोजना अन्तर्गत 15 करोड़ 63 लाख का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है। पी0डी0, पटना द्वारा नोटिस–तामिला कराते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का आग्रह किया गया। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति देने का निदेश दिया गया।

(न) **4L Patna-Ara-Sasaram section of NH-119A (Package-2)** – इस परियोजना हेतु **भोजपुर जिला** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान आदि की जा रही है।

- **भोजपुर जिला** में इस परियोजना के अन्तर्गत 9.31 करोड़ राशि का मुआवजा भुगतान किया गया है। कैम्प का आयोजन करते हुए मुआवजा भुगतान को गति देने का निदेश दिया गया।

भू–अर्जन से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता निर्धारित कर हर स्तर पर लंबित मामलों का निष्पादन करते हुए सभी संबंधित जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों को भू–अर्जन कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

15/1/26

(कमलेश कुमार सिंह),
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांक:–14/डी0एल0ए0/मासिक समीक्षात्मक बैठक–01/2024–67, दिनांक–16:01:26

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/सक्षम प्राधिकार भूमि अर्जन (CALA), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–....67................/ दिनांक–...16.01.26....

**प्रतिलिपिः**–निदेशक, ए0 एन0 सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, पटना/निदेशक, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना/निदेशक, विकास प्रबंधन संस्थान, उद्योग भवन, पटना/निदेशक, आद्री एवं निदेशक, एल0एन0 मिश्र, आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–....67............../ दिनांक–....16.01.26

**प्रतिलिपि** :– क्षेत्रीय पदाधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्लासिकोन शिवमित्रा अपार्टमेंट ब्लॉक–बी, प्रथम तल, विवेकानन्द मार्ग, बोरिंग रोड, पटना– 800013 (ई–मेल-ropatna@nhai.org) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–...67................/ दिनांक–...16.01.26.

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–...67................/ दिनांक–...16.01.26

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–...67................/ दिनांक–...16.01.26...

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।